हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

06 एक दिन, एक साथ मिलकर कर दी गई कुछ घंटों ...



11 चित्रकला में निशा और रंगोली में ज्योति ने ...





## खबर संक्षेप

### राज्य कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस आज

**विदिशा।** सोमवार को मप्र राज्य कर्मचारी संघ का स्थापना का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में प्रांतीय प्रवक्ता अनिल भार्गव, भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी सहित एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम स्थान सरस्वती शिशु मंदिर मंदिर दुर्गा चौक तलैया में आज सोमवार शाम 4.30 बजे से शुरू होगा।

### भावांतर के लिए 1929 किसानों का पंजीयन

**विदिशा।** जिले में सोयाबीन भावांतर भुगतान योजनांतर्गत 1929 किसानों के द्वारा अब तक पंजीयन कराया जा चुका है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि सबसे अधिक सिरोंज तहसील में 303 किसानों ने पंजीयन कराया है। विदिशा शहर क्षेत्र में सिर्फ 7 किसानों ने पंजीयन कराया गया है। वहीं बासौदा में 279, कुरवाई में 256,लटेरी में 193,त्योंदा में 166, गुलाबगंज में 132, पठारी में 145, विदिशा ग्रामीण में 114, नटेरन में 107, ग्यारसपुर में 112 तथा शमशाबाद में 115 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है।

### 92% किसानों ने ई-केवाईसी कराया

**विदिशा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के पात्र 2 लाख 65 हजार 451 किसानों में से 2 लाख 46 हजार 407 किसानों द्वारा ई केवायसी कराई जा चुकी है। जो जिले का 92.83% है। किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है।

हाईवे चौड़ीकरण: बिना सूचना दिए लेआउट डालने पहुंचे थे अधिकारी

# टावर शिफ्टिंग पर विवाद: जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने जताई आपत्ति, अफसरों पर दबाव का आरोप

बैठकों में गुणवत्ताहीन निर्माण का मामला उठाया। इसलिए जमीन को नुकसान पहुंचा रहे


***नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण के दौरान हाई टेंशन लाइन के टावर शिफ्ट करने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। यह विवाद जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी के प्लॉट से जुड़ा है, जहां बिजली विभाग के अधिकारी लेआउट डालने पहुंचे थे।***

- प्रोजेक्ट डायरेक्टर पर बंसल कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए मनमानी का आरोप।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नेशनल हाईवे के निर्माण के दौरान हाईटेंशन लाइन शिफ्ट करने के लिए रविवार को लेआउट डाला जा रहा था। इसी दौरान जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी मौके पर पहुंचे और काम रुकवा दिया। कैलाश रघुवंशी ने आरोप लगाया कि अधिकारी नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

उनका कहना है कि अधिकारी जानबूझकर मोनोपोल (सिंगल) टावर लगाने से रोक रहे हैं। कैलाश रघुवंशी के अनुसार सिंगल टावर लगाने से जमीन का कम उपयोग होगा और लोगों को कम नुकसान होगा, जबकि प्रस्तावित टावर अधिक जमीन घेरेगा। उन्होंने बताया कि उन्हे लेआउट डालने के बारे में कोई लिखित सूचना नहीं दी गई थी। रघुवंशी ने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कुछ अधिकारियों ने ठेकेदारों के साथ मिलकर कमीशन के लिए जिले की ग्रामीण सड़कों का घटिया निर्माण कराया है। उन्होंने 'दिशा' की बैठक में घटिया निर्माण का मुद्दा उठाया था, जिसके बाद बदले की भावना से यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने प्रोजेक्ट डायरेक्टर पर खराब काम करने और सड़कों को नुकसान पहुंचाने का आरोप भी लगाया।



विदिशा। अधिकारियों के सामने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कैलाश रघुवंशी।

रघुवंशी ने पूछा कि 74 जगहों पर खनन की अनुमति देने के बाद कितनी रॉयल्टी और जीएसटी जमा कराई गई। साथ ही उन्होंने पीडब्ल्यूडी की तीन सड़कों – डाबर रोड, गली नंबर 5 की पैराडाइज वाली रोड और गुरारिया वाली रोड पर अंडरपास न बनाने का आरोप लगाया। उनके अनुसार ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए अंडरपास नहीं बनाए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में लोगों को लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी का कहना है कि प्रोजेक्ट डायरेक्टर बंसल कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं।

### द्वेष भावना है

मैने बैठकों में विभाग के कुछ मामलों और गुणवत्ताहीन कार्यों के मामले उठाए थे। इसलिए अधिकारी द्वेष भावना में काम कर रहे हैं। मोनोपोल कम जगह घेरता है। इसे लगाने में किसी को आपत्ति नहीं है। लेकिन अधिकारी मनमानी पर उतारु हैं।

**कैलाश रघुवंशी,** जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि

### नियमानुसार है

जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा बैठकों में जो मामले उठाए थे उनकी जांच कराई गई है। जो निर्माण कार्य हैं उनकी भी जांच करा लिजीए। न तो दबाव में और नही द्वेष भावना रखकर कार्य किया जा रहा है। जो भी काम हो रहा है वह नियमानुसार ही किया जा रहा है।

**सिद्धार्थ सिंघई,** प्रोजेक्ट डायरेक्टर

# वेल्डिंग दुकान में दूसरे दिन फिर चोरी, गश्त में सतर्कता की कमी



विदिशा। घटना के एक दिन पहले भी चोरों ने इसी दुकान को बनाया था निशाना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की एक वेल्डिंग की दुकान में चोरी की दोबारा वारदात हुई है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है।

दुकान संचालक ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात भी दुकान से करीब 70 हजार रुपए के पीतल के बर्तन और नकदी चोरी हो गए थे। रविवार रात चोरों ने फिर दुकान को निशाना बनाया और अंदर रखे गैस सिलेंडर को निकालकर बाउंड्री की जाली से तार के सहारे बांधकर ले गए। पिछले एक महीने में सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। अहमदपुर रोड पर गांव चिड़ोरिया की वेल्डिंग की दुकान से चोरी हुई, साईं ऑरा कॉलोनी में करीब 20 लाख रुपए की बड़ी चोरी हुई और हरिपुरा के शिव विहार कॉलोनी में भी चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। जिन क्षेत्रों में चोरियां हो रहीं हैं वहां के लोगों का आरोप है कि पुलिस की गश्त और सतर्कता में कमी के कारण चोरों के हौसले बढ़ रहे हैं और वे खुलेआम पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। हालांकि पुलिस ने कहा है कि वह मामले की जांच में जुटी है।

# कीटनाशक बेचने का लाइसेंस निलंबित

**विदिशा।** लटेरी के आनंदपुर रोड स्थित मेसर्स अनन कृषि सेवा केन्द्र पर कीटनाशक औषधि विक्रय में अनियमितता पाए जाने लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक एवं अनुज्ञापन अधिकारी केएस खपेड़िया ने बताया कि कीटनाशी निरीक्षक लटेरी द्वारा दुकान सेनमूना लिया गया था। नमूने का परीक्षण जबलपुर स्थित कीटनाशक परीक्षण प्रयोगशाला में कराया गया। जांच में पाया गया कि औषधि में निर्धारित अनुपात के स्थान पर अधिक अनानक मौजूद था, जो मानकों के विपरीत है। इस आधार पर विक्रेता एवं निर्माता कंपनी के विरुद्ध कार्यालयीन आदेश के तहत विक्रय प्रतिबंध लगाया गया तथा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। विक्रेता द्वारा प्रस्तुत जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर मेसर्स अनन कृषि सेवा केन्द्र का कीटनाशक लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में चली लाठियां और ईंट-पत्थर, देसी कट्टे से फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में पठारी थाना क्षेत्र के दुघावरी चौक गांव में रविवार को खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला किया। एक पक्ष ने देसी कट्टे से फायरिंग भी की। झगड़े में कई लोग घायल हुए हैं। घटना का वीडियो भी सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

**दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज:** पठारी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



### मकान निर्माण को लेकर चल रहा विवाद

दुघावरी चक्क गांव में ठाकुर समाज के दो पक्षों के बीच एक जमीन पर मकान निर्माण को लेकर पिछले कई महीनों से विवाद चल रहा है। मामला सिविल कोर्ट में पहले से विचाराधीन है। इसके बावजूद रविवार को दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए।

### झगड़े में महिलाएं और बच्चे भी शामिल

संघर्ष का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर हमला करते दिख रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि इस झगड़े में महिलाएं और बच्चे तक शामिल दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में लोग एक-दूसरे पर पत्थर फेंकते और लाठियां चलाते नजर आ रहे हैं।

पटाखे विक्रय के लाइसेंस के लिए निर्देश जारी

# दुकानों के बीच 3 मीटर दूरी व रहवासी इलाके से 15 मीटर दूरी रखना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

दीपावली पर्व पर फुटकर आतिशबाजी विक्रय के स्थाई लाइसेंस जारी करने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि दुकानों के स्थान का चयन पहले से ही कर लिया जाए। स्थल का नजरी नक्शा व ले आउट भी तैयार कर लें। ताकि दुकान आवंटित करने में परेशानी न हो। चयनित स्थानों की सूची 3 दिन में जिला कार्यालय को भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं। आवेदक की आयु 21 वर्ष से कम न हो। जांच के दौरान आयु सत्यापन स्कूली प्रमाण पत्र या अन्य दस्तावेज से किया जा सकता है। आवेदक अत्यंत वृद्ध व मूक-बधिर न हो। आवेदक जिस स्थान पर विक्रय की अनुमति चाहता है वह उस नगर , ग्राम का निवासी होना आवश्यक है।

### हाट बाजार में पटाखे विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित होगा

आवेदक के चरित्र, आपराधिक रिकार्ड संबंधी जांच संबंधित थाने से कराई जाए व थाना प्रभारी का स्पष्ट अभिमत लिया जाए। विस्फोटक निमय 2008 के नियम 86 के अनुसार अनुज्ञप्ति प्राप्त दो आतिशबाजी की दुकानों के मध्य आवश्यक सुरक्षा की दूरी 3 मीटर व रहवासी इलाके से 15 मीटर एवं किसी संरक्षित्त स्थलों से 50 मीटर की दूरी रखी जाए। अस्थायी दुकाने एक दूसरे के आमने-सामने नहीं होना चाहिए। आतिशबाजी को सुरक्षित, अज्वलनशील सामग्री से बने शेड में रखा जाए। आतिशबाजी विक्रय स्थान, दुकानों के 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी का प्रदर्शन प्रतिबंधित होगा। किसी भी हाट बाजार में आतिशबाजी का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित होगा।






आवश्यकता
कंप्यूटर ऑपरेटर ▶ 4-5
अकाउंट मैनेजर ▶ 2-3
ट्रकों का मेंटेनेंस रखने के लिए व्यक्ति ▶ 1-2
ऑफिस बॉय ▶ 1
कार ड्राइवर ▶ 1-2
संपर्क - 7693880204
ईमेल- arorafreightcarriervidisha@gmail.com






## खबर संक्षेप

### उदयपुर में भाजपा की बैठक आयोजित

**गंजबासौदा।** कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के मंडल उदयपुर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी देवेंद्र रघुवंशी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान पर चर्चा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के द्वारा सभी भारतीय नागरिकों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक मेड इन इंडिया प्रोडक्ट ही खरीदें। भारत में निर्मित सामान ही इस्तेमाल करें। जिससे भारत की अर्थव्यवस्था ताकत में और वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक मंडल बूथ स्तर पर होने हैं। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता प्रत्येक व्यापारी एवं प्रत्येक घर तक पहुंचेगा एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने में प्रत्येक भारतवासी की सहभागिता रहेगी। इस कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष सचिन शर्मा सहित मंडल उदयपुर के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### दांगी समाज के नेताओं का होगा स्वागत

**गंजबासौदा।** दांगी समाज के सम्मेलन में पधार रहे दांगी समाज के कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन के कार्यालय पुराना मेला ग्राउंड गंज बासौदा में दोपहर 1:30 बजे स्वागत रखा गया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने समस्त पदाधिकारी मंडल सेक्टर और अन्य वरिष्ठ जनों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

### विधायक का किया सम्मान

**गंजबासौदा।** उदयपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने कुरवाई पहुंचकर विधायक का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कुरवाई विधायक के प्रयासों से उदयपुर के गणेश धाम मंदिर से सीधा कुल्हार के लिए सड़क की स्वीकृति मिल गई है। विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इसकी मांग पूरी कराई है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन विधायक का सम्मान करने उनके कार्यालय पहुंचे।

## कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन, नपा, संगठनों ने किया कमाल

# एक दिन, एक साथ मिलकर कर दी गई कुछ घंटों में ही विसर्जन घाट की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक दिन एक साथ स्वच्छता अभियान जब शहर के नागरिक एक साथ हो तो कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं होता, इसी कड़ी में नवरात्रि समापन के बाद नगर की जीवन दायिनी बेतवा नदी पर विसर्जन के बाद बची पूजन सामग्री, कचरा एवं प्रतिमाओं के अवशेष को प्रशासन, नपा, श्रमदान दल, विहिप बजरंग दल, व्यापार महासंघ, अभाविप, फीडबैक फाउंडेशन के सदस्यों ने नदी से निकालकर नदी को फिर से स्वच्छ बना दिया।

उल्लेखनीय है कि विसर्जन के दौरान विसर्जन सामग्री जिसमें पन्नी, प्लास्टिक, फूल माला और मूर्तियों के अवशेष पडे थे। जो नदी को प्रदूषित कर रहे थे और उसमें पल रहे जीव जंतुओं मछलियों को नुकसान पहुंचा रहे थे।

इन सभी पर कलेक्टर, एसडीएम के मार्गदर्शन में तहसीलदार अरविंद यादव के नेतृत्व और नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा दिए निर्देश अंतर्गत भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव की मौजूदगी में रविवार को सुबह बेतवा नदी के विसर्जन घाट गंज पुल पर श्रमदान अभियान चलाया गया। जिसमें श्रमदान दल, नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि, कर्मचारी, मंडल के सदस्य, आम नागरिक,व्यापार महासंघ, श्रम दान दल, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य शामिल हुए। सभी के संयुक्त प्रयास से विसर्जन घाट और तटों पर फैली पूजा सामग्री, विसर्जित मूर्तियाँ, तेल-शैम्पू पाउच, पॉलिथीन, मुंडन एवं अंत्येष्टि संस्कारों की सामग्री को एकत्र कर बाहर निकाला गया।

एक दिन एक साथ महा स्वच्छता अभियान चलाकर नदी में यहां वहां पड़ी हुई 10 ट्रॉली से अधिक मात्रा में मूर्तियों के अवशेष और कचरे को निकाला गया। इस दौरान विशेष समूह और मानव श्रृंखला बनाकर बीच नदी में से कचरे की सफाई की गई। ये संदेश ना केवल बासौदा के आम नागरिकों को दिया कि नदी हमारी मां है, जिसको साफ रखना हम सभी नगरवासियों की नैतिक जिम्मेदारी है और यह संदेश इस देश के सभी नागरिकों को भी है कि नदियों को जितना अधिक साफ रखेंगे उतना ही हमारी आने वाली पीढ़ी भी नदियों को श्रद्धा पूर्वक साफ सुथरा देख पाएगी। इस अभियान में तहसीलदार अरविंद यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, व्यापार महासंघ के अनिल अग्रवाल, मनोज डागा, अजय जैन जनसेवा, मुकेश अरोरा और सभी सदस्यगण, विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल के नीलेश अग्रवाल, नितिन भाटे, यशवंत दुबे, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुभम ठाकुर आदि सदस्यगण और नदी संरक्षण में कार्य कर रही संस्था श्रमदान दल के आकाश जैन, राकेश रघुवंशी सहित सभी सदस्यगण, फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के भारत राज द्विवेदी के साथ सभी सदस्य, पार्षद प्रतिनिधि संजय भावसार, नगर पालिका की टीम से स्वच्छता अधिकारी राजेश कुमार नेमा, वरुण चौबे, राजकुमार शर्मा, स्वच्छता नोडल अधिकारी सहज तेनगुरिया, राजेश खन्ना, भवानी प्रजापति, राजेश अहिरवार, हर्षित शर्मा, मनोज शर्मा सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।





उधर श्रमदान दल के सदस्यों ने साप्ताहिक श्रमदान अभियान के तहत गंज घाट पर श्रमदान के पूर्व बेतवा नदी के रिपटा घाट पर श्रमदान अभियान चलाया। जिसमें उन्होंने रिपटा घाट सहित नदी में से प्लास्टिक कचरा, विसर्जन सामग्री, प्रतिमाओं के अवशेष, मुंडन के बाद छोडे गए बाल, अंतिम संस्कार के बाद बची सामग्री सहित अन्य कचरे को एकत्रित किया और उसका उचित निराकरण किया। इसके बाद श्रमदान दल गंज घाट पर पहुंचा।

## इलाके भर में फिर से बारिश होने से किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार दोपहर के बाद अचानक मौसम में बदलाव देखा गया। आसमान में गहरे काले बादल छा गए। इसके बाद नगर सहित ग्रामीण अंचलों में पहले जोरदार और फिर देर शाम तक रिमझिम बारिश होती रही। इस बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है।

यहां उल्लेखनीय है कि वर्तमान में सोयाबीन की फसल पककर तैयार हो चुकी है और किसान तेजी से फसल कटाई कर रहे हैं। समय पर कटाई पूरी करने के लिए किसान हार्वेस्टर और रीपर मशीन का भी उपयोग कर रहे हैं। लेकिन रविवार को हुई बारिश से कटाई का काम रुक गया है। किसानो का कहना है कि रिमझिम बारिश शुरू होने से कटाई का काम रोक दिया गया , वहीं किसानों की फसल कटाई के बाद थ्रेसिंग के लिए खेत में ही रखी हुई है। इस बारिश से सोयाबीन की फसल गीली हो गई है, जिससे अब फसल सूखने में समय लगेगा और थ्रेसिंग का काम भी देरी से हो सकेगा। फसल के गीले हो जाने से सोयाबीन का दाना कमजोर हो जाता है, साथ ही उसमें मिट्टी के दाग आ जाते हैं, जिससे मंडी में भाव कम मिलता है। इन दिनों फिर से हो रही बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही हैं। गौरतलब है कि मौसम विभाग ने 8 अक्टूबर तक लौटते मानसून की बारिश होने के संकेत दिए थे और आज इसी के चलते बादल बरसे।

## नगर में कई घंटे रही बिजली गुल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को मेंटेनेंस कार्य के कारण ईदगाह रोड, सिरोंज चौराहा और राजेंद्र नगर चौराहा क्षेत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जिससे उपभोक्ताओं को बिजली के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो कि नवरात्रि के दौरान मेंटेनेंस के नाम पर कटौती न करने के संबंध में झांकी संचालकों ने अधिकारियों से शिकायत की थी। इसके बाद विद्युत कंपनी ने नवरात्रि के दिनों में कटौती नहीं की थी। हालांकि, नवरात्रि समाप्त होने के बाद अब मेंटेनेंस कार्य के नाम पर तीन से चार घंटे की विद्युत कटौती की जा रही है। इसके अतिरिक्त, तेज हवा और आंधी आने पर भी विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। नगरवासियों ने विद्युत वितरण कंपनी से नगर में की जा रही अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।

## गांधी व्यक्ति नहीं विचार है और विचार कभी मरता नहीं



**गंजबासौदा।** गत दिवस रक्त सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश जैन विद्युत के आवास पर गांधी जयंती पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडवोकेट चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा की गई।

विचार संगोष्ठी में उपस्थित प्रोफेसर ऋषभ कुमार जैन ने मुख्य वक्ता के तौर पर कहा कि गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ साहित्यकार कमलेश सोनी ने गांधी जी के विचारों पर आधारित काव्य पाठ किया। व्यंग्यकार अशोक शाह पेंटर ने गांधी जी पर बनाया गया बहुत ही भावपूर्ण चित्र साहित्यकार संघ को भेंट किया। वैद्यराज निहाल सिंह पंथी ने कहा कि गांधी जी ने भेदभाव, छुआ छूत को समाप्त करने के लिए स्वयं दिल्ली में बाल्मीकि कॉलोनी में 3 माह तक बाल्मिकी परिवारों के बीच रहकर उनके शौचालय की गंदगी को साफ किया। यह कार्य कोई महामानव ही कर सकता है। गांधी जी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था इसीलिए वे आजादी के आंदोलन में अंग्रेजों के खिलाफ जीवन भर संघर्ष करते रहे। नेतृत्व करते रहे आंदोलन का लाखों करोड़ों लोग उनके आंदोलन से जुड़े। समाजवादी चिंतक भरत सराठे भारतीय ने कहा कि गांधी के विचारों के सच्चे संवाहक राम मनोहर लोहिया थे जो जीवन भर जाति तोड़ो जन को जन से जोड़ो आंदोलन करते रहे। राकेश जैन विद्युत ने कहा कि गांधी जी ने दुनिया को दिखा दिया कि सत्य अहिंसा की ताकत क्या है, वह अंग्रेजी साम्राज्य जिसके राज में सूरज नहीं डूबता था उन अंग्रेजों को गांधी जी के जन आंदोलन के सामने घुटने टेकने पड़े। कार्यक्रम के अध्यक्ष एडवोकेट चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य ने गांधी जी के विचारों की सार्थकता को प्रमाणित करते हुए कहा कि गांधी जी का सत्याग्रह और स्वदेशी आंदोलन 1918 में प्रारंभ हुआ था। आज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह स्वदेशी को जन आंदोलन बनाने की बात कह रहे हैं। गांधी जी के स्वच्छता अभियान को अपनाने की बात कर रहे हैं। अमेरिका के सामने नहीं झुकने की बात कह रहे हैं। इस कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर ऋषभ कुमार जैन द्वारा किया गया।

## शरद पूर्णिमा के कारण मावा दुकानों पर लग रही ग्राहकों की भीड़



गंजबासौदा। विगत दो दिनों से शरद पूर्णिमा के कारण मावा दुकानों पर मावा खरीदने ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। भीड़ उमड़ने का कारण यह है कि शरद पूर्णिमा पर मावा के लड्डू बनाकर पूजन अर्चन कर खीर बनाने और उसे चंद्रमा की किरणों में रखने की परंपरा है। शरद पूर्णिमा पर खीर बनाने का विशेष महत्व है, क्योंकि माना जाता है कि चंद्रमा की किरणों से इसमें अमृत की वर्षा होती है, जो स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए लाभकारी होती है। शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी किरणें अमृत की वर्षा करती हैं। खीर का सेवन स्वास्थ्य लाभ के लिए किया जाता है, क्योंकि इसमें चंद्रमा की किरणों से अमृत का रस घुल जाता है। इसलिए शरद पूर्णिमा के दिन मावा दुकानों पर भीड़ हो सकती है, क्योंकि लोग खीर बनाने के लिए मावा और अन्य सामग्री खरीदते हैं।

## नगर में लाए जा रहे दर्जनों मवेशियों को वापस भेजा



**गंजबासौदा।** रविवार को बेतवा नदी के गंज घाट पर श्रमदान करते समय नपा प्रशासन को कुछ ग्रामीण दर्जनों मवेशियों को घेरकर नगर की ओर लाते दिखे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव के इस नजारे को देखा तो ग्रामीण तो अधिकारियों एवं नपाकर्मियों को देखकर भाग निकले, लेकिन मवेशी पुल पार कर नगर की ओर आते रहे। बाद में नपा कर्मियों ने इन मवेशियों को घेरकर वापस पुल पार कराते हुए अंबानगर की ओर रवाना कर दिया। यहां उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्र से बडी संख्या में मवेशियों को नगर की सीमा में खदेड दिया जाता है। जिससे वे यहां अव्यवस्था एवं दुर्घटना का कारण बनते हैं। इस पूरे नजारे को तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों ने भी देखा। नपा प्रशासन का कहना है कि नगर के मवेशियों के लिए नपा ने गौशाला बनवा दी है, लेकिन आसपास के गांवों से बडी संख्या में मवेशी नगर में पहुंचाए जा रहे हैं, जिससे अव्यवस्था दूर नहीं हो पा रही है।

## बुजुर्ग महिला को उपचार के लिए कराया भर्ती



**त्योंदा।** ग्राम खामखेड़ा में दिसावर बाई को दो लोगों ने घसीटकर पीटा जिससे वह घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरारी पारदी एवं हर्बल पारदी ने दिसावर बाई उम्र 65 वर्ष के साथ मारपीट कर दी। जिसको डायल 112 की मदद से उपचार के लिए त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनका उपचार जारी है। फरियादिया की रिपोर्ट पर त्योंदा पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया है।

## नगर के तीन कलाकारों ने दी कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुतियां

# स्व. मथुरा मोहन श्रीवास्तव की स्मृति में हुआ शास्त्रीय गायन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पं गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास ने ग्वालियर घराने के गायक एवं संगीताचार्य स्व. मथुरा मोहन श्रीवास्तव के पुण्य स्मरण में शास्त्रीय गायन का कार्यक्रम माहेश्वरी धर्मशाला में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के युवा शास्त्रीय गायक पं. नीलेश तिवारी के गायन से हुआ। नीलेश तिवारी ने अपने गायन के लिये राग बागेश्री का चयन किया। अपनी मधुर आवाज़ में राग बागेश्री के विलंबित ऐकताल में निबद्ध रचना सखी मन लागे ना काहू जतन जिया मानत नाहीं मोरा में ठहराव के साथ आलाप किये। कोमल गंधार और कोमल निषाद के साथ मध्यम, धैवत के कर्णप्रिय प्रयोग ने राग में रंजकता पैदा की। चैनदार स्वर विस्तार में बंदिश के बोलों से भराव करते हुए तिवारी ने बहलावों में लयकारी की। बोल आलाप, बोलतान, द्रुत तानों से सजाने के बाद तिवारी ने मध्यलय तीनताल में निबद्ध रचना अब घर जाने दे कान्हा को भावपूर्ण बनाकर गाया। अपने गायन का समापन राग बागेश्री में ही द्रुत तीनताल में निबद्ध तराने से किया। तिवारी के साथ तबले पर शशिकांत शर्मा और हारमोनियम पर सत्यम शर्मा ने कुशलता के साथ संगत की।

उल्लेखनीय है कि नगर के इन तीनों युवा कलाकारों की यह पहली प्रस्तुति थी। कार्यक्रम में गीतकार पथिक, एडवोकेट प्रकाश जोशी ने स्व. मथुरा मोहन के चित्र के समक्ष माल्यार्पण किया। कलाकारों का स्वागत न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष गोविन्द देवलिया,भरत लड्ढा, सचिव सुनील जैन, चक्रवर्ती जैन एडवोकेट, अरविंद द्विवेदी, सतीश खत्री, अनंत सिह, बृजकिशोर गोयल ने किया। डाक्टर विनोद भट्ट एवं कामरेड माधोसिंह ने कलाकारों को न्यास की स्मारिका भेंट की। सुनील बाबू पिंगले ने कलाकारों का शाल श्रीफल से स्वागत किया। संचालन सुदिन श्रीवास्तव ने किया।

### आतिशबाजी लाइसेंस के लिए आवेदन आमंत्रित

गंजबासौदा। कलेक्टर द्वारा आतिशबाजी लायसेंस के लिए लायसेंस प्रदाय हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें आतिशबाजी विक्रेता 13 अक्टूबर तक एमपी ई सर्विस पोर्टल के माध्यम से आतिशबाजी लायसेंस के लिए लोक सेवा केन्द्र से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शहरी क्षेत्र के लिए आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन की हार्ड कॉपी कलेक्टर कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। लायसेंस के आवेदन के साथ पुलिस चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट फोटो, वोटर आईडी, एवं आधार कार्ड की छायाप्रति और निर्धारित शुल्क लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जमा करना होगा।

## सेवानिवृत्ति पर समारोह पूर्वक दी गई विदाई



**गंजबासौदा।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए एएसआई रामेश्वर जाट का विदाई समारोह होटल पुखराज में आयोजित किया गया। जिसमें सभी ने उन्हें पुष्पहार, शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया और सुखमय जीवन की कामना की। यहां उल्लेखनीय है कि नगर निवासी रामेश्वर जाट 1990 में पुलिस विभाग में आए थे और राजगढ में पदस्थ हुए थे। इसके बाद नक्सली क्षेत्र बालाघाट में भी सेवाएं दीं। विदिशा जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ रहे और वर्तमान में दीपनाखेडा के शाला बामोरी थाना प्रभारी पद से सेवानिवृत्त हुए। समारोह में मौजूद लोगों ने अपने सेवाकाल में उनकी ईमानदारी, सरल व्यवहार एवं कार्य की सराहना की। उनकी सेवानिवृत्ति पर सभी ने उनकी सेवाओं को सराहा और उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अजरा सुलतान पुत्री श्री अब्दुल लतीफ निवासी लटेरी तहसील लटेरी जिला विदिशा म. प्र. का एक भूखण्ड / मकान स्थित नगर लटेरी पटवारी हल्का नं. 30 वार्ड क्रमांक 05 सिरोंज रोड लटेरी तहसील लटेरी जिला विदिशा म. प्र. नगर पालिका परिषद लटेरी की सीमा के अंदर है होकर आराजी खसरा क्रमांक 926/2/2 का अंश भाग होकर 1200 वर्गफीट का है, जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है कि पूर्व में-श्री कृष्ण मोहन की भूमि ,पश्चिम में- दरमा शाहीन एवं अन्य का मकान, उत्तर में- श्री केवल सिंह की भूमि तथा दक्षिण में-गली रास्ता लटेरी सिरोंज है। उक्त मकान को अजरा सुलतान एवं इरमा शाहीन पुत्रियाँ अब्दुल लतीफ खान ने विक्रेता श्री बद्रीलाल मीना पुत्र श्री रामचरण मीना निवासी कुन्जाखेडा तहसील कुम्भराज जिला गुना म. प्र. से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ई पंजीयन दस्तावेज क्र. एमपी 452782020 A 1266891 दिनाँक 09.06.2020 से क्रय किया है। इरमा शाहीन पुत्रियाँ अब्दुल लतीफ खान के निधन के पश्चात उक्त मकान पर अजरा सुलतान का विधिवत नामांतरण राजस्व रिकार्ड में किया जा रहा है।

उक्त भूखण्ड/मकान को अजरा सुलतान पुत्री श्री अब्दुल लतीफ निवासी लटेरी तहसील लटेरी जिला विदिशा म. प्र. मेरी पक्षकार कंपनी केपरी ग्लोबल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधकर रखकर ऋण प्राप्त कर रही है। यदि उक्त भूखण्ड / मकान से संबंधित किसी भी हितधारी व्यक्ति या बैंक अथवा वित्तीय संस्थान नजूल, नगर पालिका आदी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे 7 दिवस की अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी। और मेरी पक्षकार कंपनी अजरा सुलतान को ऋण प्रदान करने हेतु स्वतंत्र रहेगी।

भवदीय नरेन्द्र बघेल पेनल एडवोकेट
शॉप नं. 3 भावसार पुलिया बरेठ रोड गंज बासौदा
जिला विदिशा म. प्र. मो. नं. 9926383737,8770050919

# आरएसएस ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयदशमी पर निकाला पथ संचलन

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ की विकास यात्रा और संघर्ष के साथ-साथ संघ को सर्वव्यापी व सर्वस्पर्शी बनाने पर दिया जोर






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयदशमी के अवसर पर पथ संचलन निकाला गया। इस बार विशेष बात यह रही कि संघ को 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं इस अवसर पर प्रत्येक बस्ती सक्षम बने इस हेतु प्रत्येक बस्ती का अपना अलग-अलग संचलन निकला। इसी तारतम्य में नगर सिरोंज में तीन संचलन निकले। केशव बस्ती का संचलन बज मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल पालीवाल कॉलोनी से कार्यक्रम संपन्न हुआ। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अभिभाषक अमरचंद अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता घनश्याम रघुवंशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ सामूहिक गीत से हुआ। साथ ही अतिथियों का परिचय, अमृत वचन एकल गीत के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सद्भाव कार्य प्रमुख घनश्याम रघुवंशी का उद्बोधन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में श्री रघुवंशी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ की विकास यात्रा एवं उसकी संघर्ष के साथ-साथ संघ को सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी बनाने पर जोर दिया। अपने उद्बोधन में श्री रघुवंशी ने विजयादशमी के इतिहास एवं भारत की गौरवशाली अतीत परंपरा का भी वर्णन किया। समाज को एकजुटता में रहने और युवाओं का आह्वान करते हुए उन्हें संगठित रहने हेतु प्रेरित किया। भारतीय समाज पर हुए आक्रांताओं के दमनकार्य नीतियों का विभिन्न दृष्टांतों के माध्यम से उल्लेख करते हुए बताया कि किस तरह से स्वतंत्रता के पूर्व भारतीय जनमानस को अपनी गौरवशाली संस्कृति और सभ्यता से दूर किया गया। जिस प्रकार से पाश्चात्य का प्रभाव हमारे समाज पर पड़ा उसे दूर करना आवश्यक है। यह सब हमारे समाज के सभी वर्गों को एक साथ मिलकर दूर करना होगा।

### पंच परिवर्तन के संदेश का किया उल्लेख

कार्यक्रम के अंत में संघ के द्वारा समाज में प्रचारित पंच परिवर्तन के संदेश का भी उल्लेख किया। इनमें स्वबोध, नागरिक शिष्टाचार ,पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता के लिए समाज के युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। पथ संचलन में बस्ती के सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कंधे पर दंड लिए कदमताल करते हुए निकले। यह संचलन ब्रज मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल से प्रारंभ होकर नवीन बस स्टैंड,नगर पालिका,सुभाष नगर,जय स्तंभ चौक,बलेजा पेट्रोल,पंप मंडी बाईपास, नवीन बस स्टैंड होते हुए वापस ब्रज मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में जाकर संपन्न हुआ। इस संचलन में बस्ती के सैकड़ो लोगों ने घोष के धुन पर कदमताल किया और संघ के सामाजिक गीतों का गाते हुए निकले। श्री रघुवंशी ने नगर सहित आसपास के क्षेत्र में विधर्मियों द्वारा किए जाने वाले षड्यंत्रकारी कार्यों से भी समाज को अवगत कराया। साथ ही समाज में शांति भंग करने वाले ऐसे निपटने के लिए

# चित्रकला में निशा और रंगोली में ज्योति ने पाया पहला स्थान, किया गया पुरस्कृत

## मद्य निषेध सप्ताहः महाविद्यालय में रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा मुक्ति सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा नामदेव, द्वितीय स्थान शीतल नगीना एवं तृतीय स्थान जैस्मिन मंसूरी ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में ज्योति अहिरवार ने प्रथम स्थान,ऋषिका बघेल द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान उषा धाकड़ ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ चमका गेहलोद द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के सफल निष्पादन में डॉ समृथ निनामा, डॉ पूजा मिश्रा,डॉ शाहाना खान एवं डॉ विभा श्रीवास्तव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। विभिन्न गतिविधियों के संचालन में तकनीकी मार्गदर्शन डॉ रूबी ताम्रकार द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर निधि मसीह,डॉ अभिषेक चौहान,डॉ वसीम उल्ला खान,डॉ उरूज अहमद,प्रोफेसर बी एल टांडेकर,डॉ मीनाक्षी शर्मा,प्रोफेसर क्रांति चौधरी सहित समस्त स्टाफ ने सम्मिलित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष ने समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही लीड कॉलेज विदिशा के प्राचार्य डॉक्टर बी डी अहिरवार ने किया महाविद्यालय का निरीक्षण किया। नोडल महाविद्यालय विदिशा के प्राचार्य डॉ बी डी अहिरवार द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। वही प्राचार्य ने छात्र छात्राओं से संवाद किया। कक्षाओं के संचालन,समय सारणी एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य,शिक्षकों एवं कार्यालय स्टॉफ को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए सुधार हेतु आदेशित किया गया।

# निशुल्क शिविर में 316 मरीजों ने जांच कर दवाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



वरिष्ठ समाजसेवी स्व. गोविंद प्रसाद श्रीवास्तव की पुण्य स्मृति में आर्य समाज मंदिर में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 316 मरीजों को परामर्श और निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. हेमन्त श्रीवास्तव, डॉ. राकेश श्रीवास एवं आयुर्वेदिक विशेषज्ञ नाड़ी वैद्य डॉ. नेहा श्रीवास्तव, डाइटीशियन रीतेश कुमार श्रीवास्तव की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दिनेश वाजपेई, अतुल शाह ने किया। सरस्वती वंदना प्रखर श्रीवास्तव ने की। उपस्थित सभी नागरिकों ने होम्योपैथिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से इलाज कराया और डाइट चार्ट प्राप्त किया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर समाजजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

**विदिशा।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा के संस्थापक अध्यक्ष स्व. डॉ. जगन्नाथ साहू की पुण्यतिथि पर रविवार को साहू समाज धर्मशाला, श्रीराम नगर चौराह, बरईपुरा में श्रद्धांजलि एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश साहू ने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुरेश साहू एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल साहू, बृजेश साहू, दीपक साहू, श्यामलाल साहू, प्रकाश साहू, रमेश मोदी, भुजवल साहू, मुकेश साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता साहू, महामंत्री भारती साहू, प्रभा साहू, मोहित साहू, अभिषेक साहू, नीरज साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। साहू समाज के अनेक पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नगर के नागरिकों ने स्व. जगन्नाथ साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में आभार पार्षद एवं अध्यक्ष साहू समाज कपिल रमेश साहू ने व्यक्त किया और सभी अतिथियों एवं समाजबंधुओं के प्रति कृतज्ञता जताई।

## शरद पूर्णिमा पर औषधीय खीर से अस्थमा व एलर्जी रोगियों को राहत

### ग्राम पाली में हर वर्ष होता है रात्रि जागरण एवं खीर वितरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद




शमशाबाद से लगभग 2 किलोमीटर दूर ग्राम पाली में शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रति वर्ष भारद्वाज आयुर्वेद संस्थान द्वारा रात्रि जागरण एवं औषधीय खीर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

यह विशेष खीर अस्थमा, दमा, धूल-धुआँ जनित एलर्जी, पुरानी खांसी आदि रोगों में लाभदायक मानी जाती है। इस आयोजन में विदिशा, रायसेन, भोपाल, राजगढ़ सहित आसपास के ग्रामों से सैकड़ों लोग भाग लेते हैं और औषधीय खीर ग्रहण कर लाभ प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम के संचालक लखन पाठक ने बताया कि परंपरानुसार शरद पूर्णिमा की रात जागरण किया जाता है, जिसमें भजन-कीर्तन एवं आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यक्रम होते हैं। इसके पश्चात प्रातः 5 बजे से उपस्थित रोगियों एवं श्रद्धालुओं को औषधीय खीर का वितरण किया जाता है। आयोजकों का कहना है कि यह खीर विशेष औषधियों के मिश्रण से बनाई जाती है और चाँदनी में रखे जाने से इसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। यह पारंपरिक विधि वर्षों से लोगों को प्राकृतिक रूप से रोगमुक्त करने में सहायक रही है।

# क्रांतिकारियों की प्रदर्शनी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई


देश के अमर बलिदानी क्रांतिकारियों को नमन करने हेतु सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरवाई में शनिवार को एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

यह प्रदर्शनी विशेष रूप से सरदार भगतसिंह जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में लगाई गई, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों के चित्र, समाचार पत्रों में प्रकाशित उस दौर की दुर्लभ खबरें और ऐतिहासिक दस्तावेज़ प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरि सिंह सप्रे रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राम शर्मा (अध्यक्ष पथ संग्रहालय, बीना) उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम मनीष कुमार जैन पशुचिकित्सक डॉ. सुधाकर मोघे, जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय के अध्यक्ष सीताराम सैनी, नवीन पालीवाल (जिलाध्यक्ष जनपद परिषद विदिशा) वेतवा शिक्षा समिति के सचिव दिनेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष भाजपा कुरवाई राजेश लोधी लोधी युवा मोर्चा जिला सह मीडिया प्रभारी वरुण चौबे, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल से मनजीत तिवारी विद्यालय प्राचार्य बलराम रघुवंशी सहित आचार्य, पालक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।आयोजन में विद्यालय परिवार, आचार्यगण, पालक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### क्रांतिकारियों के बलिदान से ही हमें आज़ादी मिली

विधायक हरि सिंह सप्रे ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्रांतिकारियों के बलिदान से ही हमें आज़ादी मिली है, आज की पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। स्वदेशी अपनाना और राष्ट्रहित में कार्य करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। एसडीएम मनीष कुमार जैन ने, जो विद्यालय के पूर्व छात्र भी रहे हैं, वीर शिवाजी, महाराणा प्रताप और अन्य महापुरुषों के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि उनका संघर्ष आज भी हमें राष्ट्रप्रेम और आत्मबल से ओतप्रोत करता है। प्रदर्शनी का आयोजन श्रीराम शर्मा द्वारा किया गया, जिसमें क्रांतिकारियों की स्मृतियों ने सभी उपस्थितों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन व अतिथियों का स्वागत वेतवा शिक्षा समिति के सचिव दिनेश शर्मा ने किया।

## दिग्विजय सिंह को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**कस्वा बागरोद।** भारत सरकार ने हाल ही मे 24 स्थाई समितियों के पुनर्गठन की घोषणा की एवं इन समितिओं की महत्व पूर्ण भूमिका निभाने वाले सांसदो को नियुक्त किया जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह को महिला एवं बाल विकास, शिक्षा और युवा मामलों से संबंधित संसदीय समिति का अध्यक्ष बनाया गया। यह समिति उन मुद्दों पर चर्चा करेगी जिसमें महिला, शिक्षा, बच्चे,युवाओं के सशक्तिकरण से जुड़े मामले होगे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह जी महत्व पूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर ब्लॉक संगठन मंत्री मोहित कानूनगो, राकेश व्यास,नसीम पठान, प्रकाश पटेल, अनुज पटेल,गणेश राम पटेल,आकाश आदिवासी,मोंटी पठान, आशिफ खां आदि ने शुभकामनाएं दीं।

# स्वदेशी वस्तुओं के अधिक उपयोग का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में जनपद सभागार ग्यारसपुर में मंडल स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रभारी अनिल सोनकर ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पित आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकल फॉर वोकल ही राष्ट्र की आत्मनिर्भरता की नींव है। उन्होंने आह्वान किया कि हर कार्यकर्ता जनता को जागरूक करे कि वे बाजार से अधिकाधिक स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी करें और स्थानीय उत्पादों को महत्व दें। कार्यशाला में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गुलाबचंद भावसार, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, मंडल महामंत्री शिवराज रघुवंशी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश सोनी सहित प्रताप सिंह रघुवंशी, बाबूलाल कुशवाह, संजय रघुवंशी, शुभम मिश्रा, भगवान सिंह कुशवाह, हरगोविंद कुशवाहा, रमेश कुशवाह, हाकम सिंह किरार, राघवेंद्र शर्मा, भारत सिंह कुशवाह, भागवत लोधी, सुल्तान लोधी, ओमप्रकाश यादव, रईस यादव, बलराम कुशवाह समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान यह संकल्प लिया गया कि आने वाले समय में गांव-गांव तक स्वदेशी को बढ़ावा देने का अभियान चलाया जाएगा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

# बरसते पानी में एक साथ निकला कई मंडलों का पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सूर्यनगर खंड शमशाबाद के शताब्दी वर्ष एवं विजयदशमी उत्सव के अवसर पर पिपलधार मंडल व बिछिया मंडल का संयुक्त घोष वादन सहित पथ संचलन निकाला गया। इसमें पिपलधार, बिछिया, पट्टन, मोही, धोबीखेड़ा, खजुरी, भेरोंबाग, इमलिया आदि ग्रामों के स्वयंसेवक शामिल हुए।

पथ संचलन ग्राम के मुख्य मार्गों से होकर पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ, जहाँ ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि महंत श्री महेश्वर दास त्यागी एवं मुख्य वक्ता विनोद बघेल रहे। उन्होंने विजयदशमी के महत्व, संघ स्थापना दिवस और सनातन संस्कृति के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विजयदशमी सत्य, धर्म और न्याय की विजय का प्रतीक है।

## तेज बारिश में निकले 250 स्वयंसेवक, जगह-जगह किया गया जोरदार स्वागत

**ग्यारसपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर में भव्य एवं अनुशासित पथ संचलन निकाला गया। भारत माता की आराधना एवं शस्त्र पूजन के बाद जिला प्रचारक विशाल सेन ने स्वयंसेवकों को बौद्धिक प्रदान करते हुए कहा कि व्यक्ति का जीवन परिस्थितियों से नहीं, उसकी इच्छा शक्ति, बुद्धि, विवेक और धैर्य से तय होता है। लगभग 250 से अधिक स्वयंसेवक भगवा ध्वज के साथ कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। इस अवसर पर जिले के विभाग कार्यकारणी सदस्य रामकमल रघुवंशी, सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## लक्ष्मीनगर मंडल में निकला पथ संचलन

**अहमदपुर।** लक्ष्मीनगर मंडल अहमदपुर में मंडी प्रागंण में सुबह 9 बजे एकत्रीकरण हुआ। इसके बाद पथ संचलन निकाला गया जो मंडी प्रागंण से प्रारंभ होकर बाजार , मुख्य मार्ग , राज शिखा महल , चौकी मोहल्ला होते हुए वापस मंडी प्रागंण पहुंचा। संचलन के मुख्य अतिथि भरतदास महाराज और मुख्य वक्ता जिला सेवा प्रमुख दीपक सेन का बौद्धिक हुआ। इसी क्रम में अगला संचलन 7 अक्टूबर को ठर्रे उपखंड में सुबह 9 बजे और 12 अक्टूबर को हांसुआ उपखंड में सुबह 9 बजे निकाला जाएगा। उक्त जानकारी लक्ष्मीनगर खंड के प्रचार प्रमुख धर्मेन्द्र प्रजापति द्वारा दी गई।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान तहत हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई




आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत शनिवार को कुरवाई भाजपा मंडल की कार्यशाला विधायक कार्यलय पर आयोजित की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बैठक में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे अभियान की महत्ता पर चर्चा की गई और स्थानीय स्तर पर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मैना, रूपेंद्र शर्मा, पूर्व पार्षद जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, हरि सिंह चौहान मण्डल अध्यक्ष राजेश लोधी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गिरजेश साहू समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री उमाशंकर प्रजापति ने किया।

एक हेक्टेयर में लागत 25 हजार, 10 हजार का निकल रहा सोयाबीन, 15 हजार का नुकसान

# किसान चिंतित : अतिवृष्टि और कीट प्रकोप से खराब हुई सोयाबीन फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में अतिवृष्टि के प्रकोप से सोयाबीन और अन्य डालनी फसलों को भारी नुकसान हुआ है, जहां एक हेक्टेयर में लागत 25 हजार आती है वहीं अब 10 हजार की लागत बमुश्किल निकल पा रही है। सोयाबीन, मक्का सहित अन्य दलहनी उपज में किसानों को 15 हजार रुपए का अलग से नुकसान उठाना पड़ रहा है।

पिछले साल खराब हुई सोयाबीन फसल का इस साल रायसेन जिले में 61 करोड़ रुपए का बीमा आया है। लेकिन इसके बाद भी कई किसानों के खातों में बीमा राशि नहीं पहुंची, जिससे वह आए दिन बैंक, सोसायटी के खातों में राशि आने की जानकारी लेने पहुंच रहे पर परेशान होकर मायूस लौट रहे हैं। कुछ किसानों के खातों में प्रीमियम से भी कम राशि आई है। किसानों का कहना है कि पिछले साल की पूरी बीमा राशि और इस बार खराब हुई फसल की बीमा व मुआवजा राशि जल्द मिलना चाहिए।

### घाटे का सौदा बनीं खेती

कुदरत की मार पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रही है। जिस सोयाबीन उत्पादन से किसानों को उम्मीद थी उस पर भी अतिवृष्टि ने पानी फेर दिया है।

किसानों को सोयाबीन की फसल से काफी उम्मीद टूट चुकी है।यह कहना है उन्नतशील किसान मिर्जा मसर्रत बेग, तलत बेग निवासी अरवरिया का।काफी अरसे बाद उन्होंने लगभग 6 एकड़ जमीन फिर से प्रयोग के तौर पर सोयाबीन की बुआई की थी।लेकिन लगातार अतिव्रष्टि अल्पवृष्टि और सही-सही कसर कीट प्रकोप ने सोयाबीन फसल को चौपट करके रख दिया है। इससे सोयाबीन उपज की पैदावार ढाई क्विंटल प्रति हैक्टेयर होने की उम्मीद है। ऐसी स्थिति में लागत निकालना तो दूर की बात खेत से सफाई कराने जेब से राशि खर्च करना पड़ेगी। सोयाबीन की फसल ऐसे हालातो में घाटे का सौदा साबित हो रही है। अब फसल पर लिया कर्ज की सोसायटी बैंकों की किस्तें चुकाने में दिक्कतें होंगी। अगली रबी सीजन की फसल में खाद बीज और कीटनाशकों के इंतजाम करना भी बड़ा मुश्किल होगा।

### कम पैदावार ने तोड़ी कमर

*संदूक के किसान मिट्ठू लाल मीणा, सोनू मीणा का कहना है कि एक हेक्टेयर जमीन में बीज, बुआई, दवा, खाद, कटाई, थ्रेसिंग को मिलाकर 25 हजार से अधिक लागत लगती है। इस बार एक हेक्टेयर जमीन का दो से ढाई क्विंटल के हिसाब से उत्पादन हुआ है। 25 हजार प्रति हेक्टेयर लागत लगने पर महज 10 हजार रुपए का सोयाबीन निकला है, जिससे घाटा हुआ है। इससे तो अच्छा रहता कि इस बार सोयाबीन की बोवनी नहीं करते तो नुकसान तो नहीं होता। सोयाबीन की कम पैदावार ने कमर तोड़ दी है, ऊपर से बीमा राशि भी नहीं मिली है।*



### 40 एकड़ खेत में 35 क्विंटल ही हो सकी सोयाबीन की पैदावार

इस बार सोयाबीन की कम पैदावार ने किसानों की उम्मीदों पर किस कदर कमर तोड़ी है इसका उदाहरण मढ़ा मड़वाई के किसान तोरण सिंह मीणा हैं। जिनको 40 एकड़ के खेत में सिर्फ 35 क्विंटल सोयाबीन की पैदावार हुई है। किसान का कहना है ऐसी स्थिति में उनकी फसल लागत भी नहीं निकल पाई। एक एकड़ में एक क्विंटल सोयाबीन की पैदावार भी नहीं हुई है। शासन प्रशासन सहित जिम्मेदार विभाग आला अफसरों को को फसल नुकसान का सर्वे करवाकर जल्द ही राहत राशि देना चाहिए, ताकि किसान के आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके।

### जिले में साल दर साल सोयाबीन का उत्पादन

| साल | उत्पादन |
|---|---|
| 2014 | 4084 |
| 2015 | 4038 |
| 2016 | 1345 |
| 2017 | 626 |
| 2018 | 1347 |
| 2019 | 6677 |
| 2020 | 150 |
| 2021 | 1450 |
| 2022 | 1350 |
| 2023 | 0000 |
| 2024 | 1100 |
| 2025 | 1200 |

(नोट : उत्पादन किलोग्राम में है।)

### इनका कहना है

अभी सोयाबीन का उत्पादन अधिकतम 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर आया है। लेट वैरायटी के सोयाबीन की कटाई अभी बची है, उनका अत्पादन और अच्छा आएगा, जहां तक कुछ किसानों के कम उत्पादन की बात है तो हो सकता है कि खाद और दवा कम दिया हो उससे भी ऐसा हो।

**- केपी भगत,** उप संचालक कृषि विभाग रायसेन।

---

कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

## विहिप बजरंग दल ने की असद पर रासुका लगाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी को एक ज्ञापन रायसेन कलेक्टर के नाम सौंपा। जिसमें सोशल मीडिया के माध्यम से धार्मिक एवं राष्ट्रीय भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले सिरोंज निवासी असद खान पर रासुका एवं जिला बदर करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा है कि असद खान द्वारा भारत माता को डायन जैसे शब्दों का उपयोग कर लिखा गया कि भारत माता की पूजा पिशाच (राक्षस) लोग करते हैं। इस प्रकार की टिप्पणी करके सम्पूर्ण हिन्दू समाज की भावनाओ को ठेस पहुंचाने का काम किया किया है। साथ ही राष्ट्रीय भावनाओं के साथ खिलवाड़ किय है, ऐसे देशद्रोही व्यक्ति के खिलाफ देशद्रोह एवं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर रासुका एवं जिला बदर की कार्रवाई तत्काल की जाने की मांग की गई है। और असद की अवैध गतिविधियों और अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने की भी मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### असद जिलानी ने की अपत्तिजनक टिप्पणी

गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर (भारतीय मुद्रा) सिक्का जारी किया। संघ पर सिक्का जारी होने के हर्ष स्वरूप सिरोंज के स्थानीय नागरिक ने फेसबुक पर पोस्ट डाली, जिस पर विगत दिवस सिरोंज के ही असद खान जिलानी ने भारत माता के प्रति बहुत ही आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी टिप्पणी को लेकर पूरे प्रदेश में कड़ा विरोध किया जा रहा है।

---

### खबर संक्षेप

**गड्ढे बचाने में आगे चल रहे ट्रक से भिड़ी बाइक**

**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर शनिवार की रात फैक्ट्री चौराहे रागिनी ढाबा के सामने एक मोटरसाइकिल चालक सड़क के गड्ढे को बचाने के चक्कर में सामने चल रहे मिनी ट्रक से जा टकराया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 9 बजे फैक्ट्री चौराहा रागिनी ढाबा के सामने सड़क के गड्ढे को बचाने के चक्कर में मिनी ट्रक एमपी 04 जीए 7212 में मोटरसाइकिल चालक आलोक भार्गव निवासी विदिशा पीछे से टकरा गया। हादसे में घायल व्यक्ति को सांची अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे विदिशा रेफर किया गया।

**रमादेवी बैरागी के निधन से बाड़ी क्षेत्र में शोक**

**बाड़ी।** नगर की वरिष्ठ समाज सेविका रमादेवी बैरागी ने रविवार को अंतिम सांस लेकर नश्वर संसार से विदा ली। स्व. रामेश्वर दयाल बैरागी की धर्मपत्नी श्रीमती रामादेवी बैरागी सामाजिक क्षेत्र एवं राजनीतिक में भी नगर में वार्ड प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर चुकी है। परिवार का रिश्ता राजनीतिक सामाजिक और धार्मिक पृष्ठभूमि का रहा है। स्व. रमादेवी के पुत्र जागेश्वर बैरागी नगर पंचायत के दो बार अध्यक्ष रहे रामादेवी नगर परिषद की सदस्य रही। रविवार को रामादेवी बैरागी के निधन के समाचार से नगर एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से विश्राम घाट की ओर रवाना हुई बड़ी संख्या में नगर के लोग राजनीतिक सामाजिक धार्मिक लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। श्मशान घाट पर शोक सभा आयोजित की गई स्व. रामादेवी को मुख्यग्नि बड़े पुत्र राजेश बैरागी ने दी स्मरण रहे राजेश बैरागी, जागेश्वर बैरागी, गिरीश बैरागी की माताश्री थी।



**क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश, गर्मी से राहत**

**दीवानगंज।** बारिश से दीवानगंज के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र तर बतर हो गए हैं। रविवार की देर शाम शुरू हुई बारिश से जहां खेत में पानी लग गए वहीं सड़कों पर भी जगह-जगह पानी भर गया। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई हैं तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई हैं उधर किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आई। यह बारिश फसलों के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं है। क्षेत्र में हुई बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत महसूस हुई तो किसानों के चेहरों पर रौनक आ गई।

---

गणवेशधारी स्वंय सेवकों ने किया नगर की प्रमुख सड़कों पर भ्रमण

## नगर में निकले राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के दो पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के साथ शताब्दी वर्ष प्रारंभ हो गया है। रविवार को नगर की दो अलग-अलग बस्तियों में आरएसएस के गणवेश धारी स्वंय सेवकों द्वारा दो पथ संचलन निकाले गए।

श्री नाथ कालौनी के वार्ड 4-5 में संघ के स्वंय सेवकों द्वारा भगत सिंह बस्ती का पथ संचलन निकाला। प्रमुख सडक़ों पर भ्रमण के बाद समापन समारोह गोपाल स्वरूप ठाकुर की अध्यक्षता एवं जिला कार्यवाह राजेन्द्र सिंह राजपूत के उदबोधन के साथ हुआ। दूसरा पथ संचलन विवेकानंद बस्ती का श्रीरामलीला मैदान से प्रारंभ हुआ, विवेकानंद बस्ती की प्रमुख सड़कों पर भ्रमण के बाद डॉ. राधेश्याम धाकड़ की अध्यक्षता में हुए समापन समारोह में विदिशा के अनिल ताम्रकार का उदबोधन हुआ।

### पथ संचलन : नगर की सड़कों से कतारबद्ध निकले स्वयं सेवी

**सांची।** रामलीला मैदान पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन नगर के सभी प्रमुख मार्गों से होकर निकला। रामलीला स्थित मैदान पर सभी स्वयंसेवक संघ के सदस्य एकत्रित हुए इसके बाद पथ संचालन प्रारंभ हुआ जो मुख्य मांगों से होता हुआ ताल से ताल मिलना हुआ वापस रामलीला मैदान में समाप्त हुआ। पथ संचलन के पूर्व मैदान पर शस्त्र पूजन, गीत, सामूहिक गीत, एकल गीत, बौद्धिक सत्र हुआ। इसके बाद दो-दो स्वयंसेवकों की कतार के साथ संचलन प्रारंभ हुआ, जो मुख्य मार्ग, मुख्य बाजार, बस स्टैंड, कर वापस रामलीला मैदान पर पहुंचा। इस दौरान सभी स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार के गीत गुनगुनाते हुए चल रहे थे। पथ संचलन के दौरान कई घरों के सामने रंगोली सजाई गई तो, महिलाओं बच्चों आदि ने पुष्प वर्षा की। अपने बौद्धिक एकल-संयुक्त परिवार, समाज, नगर, राष्ट्र, पर्यावरण, विदेशी ताकत, लव जिहाद, आतंकवाद, सरकार, राजनीति, देशी एवं स्वदेशी वस्तुओं, ऑनलाइन खरीदी, सामाजिक समरसता के विषयों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

---

## असद जिलानी का फूंका पुतला, अवैध संपत्ति पर बुल्डोजर चलाने उठाई मांग

◆ भारत माता पर अपमानजनक टिप्पणी करने वालें पर हो देशद्रोह का प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

फेसबुक पर भारत माता पर अशोभनीय अपमान जनक टिप्पणी करने वाले सिरोंज के आदतन अपराधी असद जिलानी पर देशद्रोह का मामला दर्ज कर अवैध सम्पत्ति पर बिल्डोजर चलाने की मांग करते हुए हिन्दू संगठनों द्वारा विरोध रैली निकाल कर थाने में एवं तहसीलदार रामजी लाल वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। आक्रोशित लोगों द्वारा जिलानी का पुतला पैरों से कुचल कर आग के हवाले कर दिया।

हिन्दू संगठनों के लोगों की रामलीला मैदान में बैठक हुई। असद जिलानी की फेसबुक टिप्पणी की जमकर निंदा की गई। जिलानी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए नागरिकों एवं हिन्दू संगठनों के लोगों द्वारा थाने एवं तहसील पहुंच कर ज्ञापन सौंपा।



सौंपे ज्ञापन पर आदतन अपराधी असद जिलानी पर देशद्रोह का मामला दर्ज करने, उसकी अवैध कब्जा की गई सम्पत्ति पर बिल्डोजर चलाने की प्रमुख मांग रखी गई। कठोर प्रभावी कार्यवाही न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

---

## आज शरद पूर्णिमा पर मांगरोल में श्वांस दमा रोगियों को मिलेगी नि:शुल्क दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शरद पूर्णिमा पर धार्मिक श्रद्धालुओं को सोलह कलाओं के साथ चन्द्रमा के भव्य दिव्य दर्शन होंगे। ब्रम्हलीन बापौली वाले गुरूजी के परम नित्य नर्मदा क्षेत्र के प्रकांड विद्धवान पू. ब्रम्हचारी जी द्वारा दमा श्वास के रोगियों को रात्रि 12 बजें आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से निर्मित दवा खीर में निःशुल्क खिलाई जाएगी।



पू. ब्रम्हचारी जी संत, कथा व्यास होने के साथ आयुर्वेदाचार्य दवाओं, जडी बूटियों से उपचार भी किया जाता है। पू. ब्रम्हचारी जी रस रसायन के अच्छे जानकार होने के कारण स्वंय की दमा-श्वास रोगियों के लिए दवा का निर्माण कर रात्रि 12 बजें भगवान चन्द्रमा को भोग लगा कर रोगियों को खिलाते है।

पिछले अनेक वर्षो से नर्मदा के उत्तर तट स्थित मंगलेश्वर मांगरोल धाम मंदिर में आयुर्वेदिक दवाओं की खीर खिलानें का कार्य चल रहा है।

### दमा, श्वांस रोगियों से दवा खाने की अपील

पू. ब्रम्हचारी जी द्वारा दमा श्वास रोगियों के लिए आयुर्वेदिक दवा का निर्माण कर खीर के माध्यम से खिलाया जाता है। पू. ब्रम्हचारी जी के शिष्य नरसी प्रसाद शर्मा ने उक्त आयुर्वेदिक दवा निर्माण की चर्चा और जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को शरद पूर्णिमा है, रात्रि 12 बजे मांगरोल में नि:शुल्क दवा का वितरण किया जाएगा। शर्मा ने दमा श्वास रोगियों से नर्मदा तट मांगरोल पहुंच कर आयुर्वेदिक दवा ग्रहण करने की अपील की है।

---

## रेलवे पुलिया में पानी भरा होने से ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम अंबाड़ी छपराई पुलिया के पास रेलवे क्रॉसिंग फाटक को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।6 गांव के ग्रामीणों को रोज रेलवे पटरियां पार कर बीमार और गर्भवती महिलाओं को तो ले जाना आम बात है। गर्मी और सर्दी के मौसम में तो ग्रामीण पुलिया में से निकल जाते हैं मगर बारिश में ग्रामीणों को रेल पटरिया के ऊपर से गुजरना पड़ता है।

---

## शहर के राहुल नगर में नाली में मिला तीन महीने का भ्रूण

### भ्रूण मिलने से फैली सनसनी, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के वार्ड 14 राहुल नगर में रविवार को दोपहर करीब साढ़े 3 माह का भ्रूण मिलने पर वार्ड वासियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर 112 पुलिस ने भ्रूण को नाली से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं मौके पर वार्ड पार्षद देवेंद्र यादव भी पहुंच गए थे।

थाना कोतवाली प्रभारी नरेंद्र गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच पड़ताल करने जुट गई है, ताकि भ्रूण को नाली में फेंकने वाले लोगों का पता लगाया जा सके। कोतवाली पुलिस गंभीरता को देखते हुए आसपास के रहवासियों से पूछताछ कर रही है कि नवजात शिशु का शव नाली में कब और किसने फेंका। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

स्थानीय लोगों एवं पार्षद देवेंद्र यादव में इस घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है और वे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने आश्वासन दिया है कि हम जल्द ही इस मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

---

दो दिनों से हो रही रफ्तार की बारिश से रायसेन शहर हुआ तरबतर

## नया सिस्टम सक्रिय होने से रुकी मानसून की विदाई

◆ दो घंटे की बारिश से पानी पानी हुआ रायसेन शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बारिश के नए सिस्टम एक्टिव ने होने से मानसून की विदाई रोक दी है। आलम यह है कि पिछले दो दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है। रविवार को दोपहर और शाम के करीब 2-2 घंटों की बारिश ने शहर की सड़कों को तरबतर कर दिया। भारी बारिश से कलेक्ट्रेट के सामने सांची रोड़ पर घुटने-घुटने पानी बहने लगा।

वहीं जिला अस्पताल परिसर में ड्रेनेज सिस्टम ठीक नहीं होने से घुटनों तक पानी भर गया। बारिश ने जिला अस्पताल के भवन निर्माण और ड्रेनेज सिस्टम में भ्रष्टाचार की पोल खुल दी।

नवरात्रि पर्व के बाद घरों एवं दुकानों में साफ सफाई का दौर चल रहा है। रंगाई पुताई का काम भी शुरू हो चुका है, लेकिन बेमौसम की बारिश ने इस कार्य में बाधा डाल दी।

### *फसलों को नुकसान*

*जिले में खरीफ फसल सोयाबीन, मक्का फसलों की कटाई चल रही है। बेमौसम बारिश से खेतों में पककर खड़ी और कटाई के बाद पड़ी सोयाबीन पानी से खराब हो रही है। खेत में सोयाबीन को इस समय पानी लगना उसकी चमक को खत्म करने वाला है। इस बारिश से सोयाबीन भारी नुकसान की आशंका है। किसान बारिश को लेकर चिंतित हैं, तेज बारिश हुई तो किसानों की पूरी मेहनत बर्बाद हो जाएगी।*



### शहर में अभी दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि यह मानसून की विदाई का समय चल रहा है, आगे तेज बारिश के आसार नहीं है। रविवार को रायसेन में करीब एक से डेढ़ घंटे तेज बारिश हुई है, हालांकि रायसेन जिले में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है, लेकिन दोबारा से मानसून एक्टिव हो गया है।

डॉ. तोमर ने बताया कि चक्रवात के कारण अभी मौसम दो दिनों तक ऐसे ही बने रहने की संभावना है।

### साइक्लोनिक सर्कुलेशन हुआ एक्टिव

डिप्रेशन, डीप डिप्रेशन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) के सक्रिय होने से रविवार को मध्यप्रदेश के पूर्वीऔर मध्य हिस्से में बारिश हुई है। रायसेन में भी रविवार को शाम 4-5 बजे के बीच करीब डेढ़ घंटे तेज बारिश हुई। इसी तरह रविवार को दोपहर लगभग 3 बजे रिमझिम बारिश हुई, लेकिन माना फिल्टर बिलेन्टा में मूसलाधार दो घण्टे की बारिश हुई। बारिश से शहर की सड़कें तरबतर हो गईं। निचली सड़क और गड्ढों में पानी भर गया। बारिश का यह सिलसिला आगे ज्यादा दिन का नहीं है, इसी सप्ताह मानसून की विदाई हो सकती है। जिले में मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी। हर साल 6 अक्टूबर तक प्रदेश से मानसून की विदाई 15 सितंबर तक हो जाती है, लेकिन इस बार नया सिस्टम बनने से विदाई की तिथि आगे बढ़ गई है।

---

## बदला मौसम, रिमझिम बारिश से सड़कों पर फैली कीचड़

बारिश से हवाओं में घुली ठंडक, गिरा तापमान

◆ परेशानी : सड़कों के गड्ढों में बारिश का पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शनिवार की रात में तेज हवाएं चलने के साथ आसमान में वर्षा वाले बादलों का डेरा जम गया था। सुबह से बादलों की सघनता बढ़ने के साथ रुक-रुक कर बूंदाबादी से नगर एवं क्षेत्र भीगता रहा। रिमझिम बारिश से सड़कों के गड्ढों में पानी भरने के साथ फैला कीचड़ परेशानियों का कारण बन रहा है।

### दीवाली कार्य प्रभावित

दीपावली पूर्व दुकानों घरों में साफ सफाई रंग रोगन, पेंट किए जाने के कार्य शुरू हो गए। घरों घर हो रहे साफ सफाई, पुताई के कार्य बारिश और नमी के कारण प्रभावित होने लगे है। दशहरा पर्व मनाये जाने के बाद भी गर्मी उमस का माहौल बना हुआ था, परंतु रविवार को दिन भर रुक-रुक कर हल्की बारिश से हवाओं में ठंडक आ जाने से लोग गर्मी उमस से राहत महसूस करने लगे है, जिस प्रकार क्वांर के महिने में बारिश हुई और बारिश का माहौल बना है। उससे दीपावली बाद जमकर कड़ाकें की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है।